लोक सभा अध्यक्ष ने गणेश चतुर्थी और शिक्षक दिवस पर देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली, 4 सितम्बर, 2016 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने गणेश चतुर्थी और शिक्षक दिवस के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है | अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा :

"मैं गणेश चतुर्थी के अवसर पर देशवासियों को बधाई देती हूँ | विघ्नेश्वर के नाम से प्रसिद्ध भगवान गणेश सभी के मार्ग की बाधाओं को दूर करते हैं | विनायक के रूप में पूजे जाने वाले गणेशजी बुद्धि और समृद्धि के देवता हैं जो सबके कल्याण, शान्ति और सद्भाव के लिए किये जा रहे हमारे प्रयासों को सफल बनाते हैं | गणेशजी ज्ञान का स्रोत हैं और उनके ही माध्यम से ज्ञान प्रवाहित होता है और हमारे आसपास का वातावरण प्रबुद्ध होता है | मैं कामना करती हूँ कि भगवान गणेश के आशीर्वाद से हमारा जीवन सब विघ्नों से मुक्त हो |

मैं शिक्षक दिवस के अवसर पर भी शुभकामनाएं देती हूँ | शिक्षक परिवर्तन लाने का माध्यम होते हैं जो युवाओं और बच्चों में विश्वास उत्पन्न करते हैं, उनमें पढ़ने लिखने की स्वस्थ आदतें डालते हैं, नवीन विचारों का सृजन करते हैं और छात्रों में ज्ञानवान और बुद्धिवान बनने की रूचि विकसित करते हैं | मैं सभी अध्यापकों से अनुरोध करती हूँ कि वे राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यावश्यक ज्ञान और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करने का प्रण लें |